# Supporting Documents

## 5.3.1

## Sports and Cultural Achievements Report

## Academic Session 2021-22 to 2017-18

## खिलाड़ी सम्मान समारोह 29 अगस्त 2017



# राज्यपाल से सम्मान पाकर खिलाड़ी गदगद

राजभवन में खिलाड़ी सम्मान समारोह मिला मेडल 29 खिलाड़ी, 16 प्रशिक्षक व टीम मैनेजर हुए शामिल













वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर
महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी
'' खिलाड़ी सम्मान समारोह ''
दिनांक : 29 अगस्त, 2017
स्थल– राजभवन, लखनऊ
राजभवन

# संकाय भवन में आयोजित हुई विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता
## 06-12-2017



विश्वविद्यालय के संकाय भवन के कांफ्रेंस हॉल में मंगलवार को स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा विषय पर विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के निर्देश पर विश्वविद्यालय द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में डीसीएसके पीजी कॉलेज मऊ की छात्रा ऋचा पांडे को प्रथम स्थान मिला। अपने भाषण में ऋचा ने कहा कि समाज सुधार मरम्मत की तरह नहीं होना चाहिए बल्कि हनुमान की संजीवनी की संजीवनी की तरह होना चाहिए।लोकमान्य तिलक से लेकर अन्ना हजारे के अभियानों पर अपनी बात रखी।

हडिया पीजी कॉलेज इलाहाबाद की छात्रा मीनाक्षी मिश्रा का द्वितीय एवं गाजीपुर पीजी कॉलेज की छात्रा सलोनी यादव को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा ऋचा पांडे को महान चिंतक एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के संवाहक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के सम्मान में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 29 दिसंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉक्टर अजय द्विवेदी ने प्रतिभागियों को बधाई दी।निर्णायक मंडल में डॉ मनोज मिश्र, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ सुनील कुमार शामिल रहे।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम हुई विजेता

## बर्धमान विश्वविद्यालय की टीम उप विजेता

## वित्त अधिकारी एम के सिंह ने खिलाडियों को दी ट्राफी

**06-12-2017**

पूर्वांचल विश्वविद्यालय में चल रही पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीय खो खो पुरुष प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम अंकों के आधार पर विजेता एवं बर्धमान विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल उपविजेता हुई। समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि वित्त अधिकारी एम के सिंह ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर उत्साहवर्धन किया उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खिलाड़ी सदैव अनुशासन में अपने जीवन को व्यतीत करते है और अन्य से सदैव अलग नजर आते हैं।03 पश्चिम बंगाल की टीमों के अखिल भारतीय प्रतियोगिता में चयन होने पर बधाई दी।







कुलसचिव संजीव सिंह,अध्यक्ष मेजर डॉ एस पी सिंह, खेल सचिव डॉ शेखर सिंह, आयोजन सचिव डॉ प्रशांत राय ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया। भारतीय विश्वविद्यालय संघ के पर्वेक्षक महेंद्र कुमार ने सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय को बधाई दी। पांच दिवसीय प्रतियोगिता में पूर्वी क्षेत्र के 25 विश्वविद्यालय की टीमों ने भाग लिया था। अंतिम दिन के चार मैच आयोजित हुए अंको के आधार पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रथम, पश्चिम बंगाल का बर्धमान विश्वविद्यालय द्वितीय, नार्थ बंगाल विश्वविद्यालय तृतीय एवम विद्यासागर विश्वविद्यालय चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। मैसूर में होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ विजय तिवारी, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर,डॉ देवेंद्र सिंह, रजनीश सिंह, अमलदार यादव,संजय श्रीवास्तव,पी के कौशिक समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

**वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)**

**www.vbspu.ac.in**

## रोहतक को हराकर पूर्वांचल की टीम ने जीती प्रतियोगिता

## 6-03-2018

अखिल भारतीय अन्र्तविश्वविद्यालीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता




दिनांक 11.03.2018 को वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालीय क्रिकेट महिला प्रतियोगिता का फाइनल मैच वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर और एम0 डी0 यू0 रोहतक, हरियाणा के बीच खेला गया। जिसमें वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर की टीम ने 8 विकेट से एम0 डी0 यू0 रोहतक, हरियाणा को हराकर अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस सीरीज की बेस्ट खिलाड़ी (मैन आफ सीरीज) का खिताब शेफाली साहू को मिला। कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल ने खिलाडियों को पुरस्कृत किया। साथ में उपकुलसचिव संजीव कुमार सिंह भी रहे।

टास जीतकर एम0 डी0 यू0 रोहतक, हरियाणा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करती हुई एम0 डी0 यू0 रोहतक, हरियाणा की टीम ने निर्धारित 40 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाया। जिसमें एम0 डी0 यू0 रोहतक, हरियाणा की टीम कैप्टन सोनिया ने 134 गेंद पर 9 चौके की मदद से नाबाद 80 रन तथा लसिका 16 गेंद पर 3 चौके की मदद से 17 रन का योगदान रहा। वही गेंदबाजी में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर की टीम की तरफ से शेफाली साहू ने 8 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट, बबिता मीना 8 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट, पूजा निमावत ने 7 ओवर में 28 रन देकर 1 तथा ज्योति ने 4 ओवर में 15 रन देकर 1 विकेट प्राप्त किया।

वही जवाब में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर की टीम बल्लेबाजी करते हुए 24.5 ओवर में दो विकेट खोकर 135 रन बनाये। जिसमें पूजा निमावत ने 70 गेंद पर 5 चौके की मदद से नाबाद 50 रन, पूनम खेमनार 48 गेंद पर 8 चौके की मदद से 42 रन, बबिता मीना ने 15 गेंद पर 11 रन तथा कौम्या तिवारी ने 19 गेंद पर 2 चौके की मदद से 10 रनों का योगदान दिया तथा एम0 डी0 यू0 रोहतक, हरियाणा की टीम ने गेदबाजी करते हुए प्रियंका ने 3 ओवर में 17 रन देकर 1 विकेट तथा शिवानी ने 8 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट प्राप्त किया।तृतीय स्थान का मैच इन्दिरा गांधी स्टेडियम, सिद्दीकपुर में मुम्बई विश्वविद्यालय, मुम्बई और कृष्णा विश्वविद्यालय, आन्ध्र प्रदेश के बीच खेला गया। जिसमें मुम्बई विश्वविद्यालय, मुम्बई की टीम ने 7 विकेट से कृष्णा विश्वद्यिलय, आन्ध्र प्रदेश को हराया।

टास जीतकर कृष्णा विश्वविद्यालय, आन्ध्र प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करती हुई कृष्णा विश्वविद्यालय, आन्ध्र प्रदेश की टीम ने 28.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 117 रन बनाया। जिसमें कृष्णा विश्वविद्यालय, आन्ध्र प्रदेश की तरफ से मल्लिका ने 82 गेंद में 12 चौके की मदद से 77 रन तथा सिन्धुश्री 28 गेंद पर 15 रन का योगदान दिया। वही गेंदबाजी में मुम्बई विश्वविद्यालय, मुम्बई की टीम की तरफ से शेजल जाधव ने 3.2 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट तथा निमिशा ने 2 ओवर में 7 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया।

वही जवाब में मुम्बई विश्वविद्यालय, मुम्बई की टीम बल्लेबाजी करते हुए 29.5 ओवर में तीन विकेट खोकर 117 रन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें शेजल ने 38 गेंद पर 3 चौके की मदद से नाबाद 33 रन, दर्शना पवार ने 45 गेंद में 3 चौके की मदद से 31 रन तथा काजल ने 65 गेंद पर 1 चौके की मदद से नाबाद 28 रनों का योगदान दिया तथा कृष्णा विश्वविद्यालय, आन्ध्‍्रा प्रदेश की टीम की तरफ से गेदबाजी में सिन्धुश्री 6 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट तथा मल्लिका ने 8 ओवर में 31 रन देकर 1 विकेट प्राप्त किया।

एम्पायर की भूमिका में आर0 पी0 गुप्ता, नारायण जी गुप्ता, राजेश पटेल, हनुमान भारती तथा स्कोरर नन्द कुमार यादव एवं पवनेश यादव रहे।

## राज्यपाल के हाथों 41 खिलाड़ी, 10 टीम कोच, टीम प्रबंधक हुए सम्मानित




पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,फैज़ाबाद एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को राजभवन लखनऊ केगांधी सभागार में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित खिलाडी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश राम नाईक ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 41खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया। इसके साथ ही 10 टीम प्रशिक्षक और टीम प्रबंधक भी सम्मानित हुए। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को आज लगातार पाँचवी बार राजभवन मेंसम्मानित किया गया है।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में प्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राम नाईक ने कहा कि विजयी होने के लिए खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनके शिक्षकों का हाथ है। प्रगति के लिए मनोयोग एवं टीम वर्क की जरूरत है।और गति से आगे बढ़ने की प्रक्रिया अनवरत जारी रहनी चाहिए।उन्होंने कहा कि आज मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस है। हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने तीन बार ओलंपिक में जीत दर्ज कराकर देश का मान बढ़ाया। आज का यह दिन संकल्प का दिन है और इस दिन कुछ और पाने के लिए संकल्प लेना होगा।

उन्होंने अपनी पुस्तक चरैवेति चरैवेति की चर्चा करते हुए कहा कि आने वाले समय में जर्मन, फारसी, अरबी और सिंधी भाषा में भी यह पुस्तक शीघ्र उपलब्ध होगी।उन्होंने कहा कि जो चलता है उसका भाग्य चलने लगता है आपको भी जगत बंधु बनने के लिए सदा चलना पड़ेगा।



इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ राजाराम यादव ने कहा कि क्रीडा के क्षेत्र में पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने पूर्वी अंचल, अंतर विश्वविद्यालयीय तथा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओंमें अपेक्षित गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया है । पूर्व वर्ष 2017 में भी अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीय स्तर पर हमारे विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 29 पदक हासिल किए थे इस वर्ष पदकोंकी संख्या बढ़कर 41 हो गई है।उन्होंने कहा कि क्रीड़ा के क्षेत्र में आपकी सफलता संसाधनों का समायोजन नहीं है बल्कि खेल भावनाओं की ज्योति को प्रज्जवलित कर सफल एवं स्वस्थ जीवन शैली की एक विधा है यह पूरे राष्ट्र एवं मानव को एक साथ पिरोती है।महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति डॉक्टर टी एन सिंह ने सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया।

**राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय फैजाबाद के कुलपति प्रो मनोज दीक्षित ने आभार व्यक्त किया।विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल ने खेल परिषद की वार्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर की गई।**

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल के साथ खिलाड़ियों शिक्षकों एवं अधिकारियों की ग्रुप फोटोग्राफी हुई। समारोह का संचालन जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोजमिश्र ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव कुलाधिपति हेमंत राव, अध्यक्ष खेलकूद डॉ वीरेंद्र विक्रम यादव,वित्त अधिकारी एम के सिंह, डॉ राजीव सिंह, डॉ समर बहादुर सिंह, डॉ विजय सिंह, डॉ राकेश यादव, प्रो बी बी तिवारी, प्रो बी डी शर्मा, प्रो वंदना राय, प्रो मानस पांडेय, प्रो अजय प्रताप सिंह, सचिव खेलकूद डॉ शेखर सिंह, संयुक्त सचिव डॉ विजय तिवारी, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, कार्य परिषद, वित्त समिति एवं खेलकूद परिषद के सदस्यगण समेत तमाम लोग शामिल रहे।

# इन्हें मिला सम्मान

सम्मानित होने वाले खिलाडियों में अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय क्रिकेट महिला में पूर्वांचल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें पूनम खेमनार,ज्योति गोस्वामी,शेफाली साहू,कौम्या तिवारी,पूजा निमवात,बबिता मीना,पूनम मौर्या,पंकुल तोमर,आरजू सिंह,साधना यादव,चांदनी प्रजापति,सरिता यादव,शानवी अनिल भावना,प्रिया यादव,अंजली चौहान शामिल है जिन्हें राज्यपाल ने स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया । टीम प्रबन्धक अशोक कुमार सिंह,भानू प्रताप शर्मा, टीम कोच,गुलाब निषाद, सहायक टीम कोच सम्मानित हुए।

अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता हॉकी पुरुष में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर टीम के खिलाड़ी गुरमीत सिंह,अनिल कमार बिन्द्रा,राज कुमार पाल,मनीष कुमार,दीपक सिंह,शुभम सिंह,देवब्रत सिंह,धर्मेन्द्र कुमार,ओम प्रकाश पाल,रामराज राम,शिवानन्द मौर्य,आदित्य यादव,मुकेश गुप्ता,सिद्धार्थ सिंह,कमलेश यादव,अंकित नाथ,प्रभाकर सिंह,अमित राजभर एवं रजनीश कुमार सिंह, टीम प्रबन्धक,इन्द्रदेव, टीम कोच,डॉ0 नागेन्द्र पाठक, सहायक टीम कोच को सम्मानित किया गया ।

अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय भारोत्तोलन (पु0/म0) प्रतियोगिता में गौरी पाण्डेय को प्रथम,राव बिलाल को द्वितीय अवं दीपक यादव को तृतीय स्थान मिलने पर सम्मानित किया जायेगा। इनके टीम प्रबंधक डॉ0 राजेश सिंह,डॉ0 संजय राय बतौर टीम कोच सम्मानित हुए।

अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय वुशू पुरुष में विनीत कुमार यादव को द्वितीय,धर्मेन्द्र कुमार यादव को तृतीय,शैलेन्द्र कुमार यादव को तृतीय,सुशील यादव को तृतीय स्थान पाने पर सम्मानित किया गया। इनके मोहन चन्द्र पाण्डेय टीम प्रबन्धक व शकील अहमद टीम कोच भी सम्मानित हुए।

**विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने बढ़ाया मान -कुलपति विश्वविद्यालय की टीम को अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय हाकी पुरूष प्रतियोगिता में मिला स्वर्ण पदक**

**04-01-2019**



अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालयीय हॉकी पुरूष प्रतियोगिता में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर की टीम को विजयी होने पर कुलपति प्रो डॉ राजाराम ने बधाई दी है । उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने पुरे देश में विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। विश्वविद्यालय इतिहास में पहली बार अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय हाकी पुरूष प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है।

03 जनवरी को एल0 एन0 आई0 पी0 ई0 ग्वालियर द्वारा नेहरू हाकी सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालयीय हॉकी पुरूष प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर ने मद्रास विश्वविद्यालय मद्रास को 4-2 के अन्तर से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। पिछले 2 वर्षो से विश्वविद्यालय की टीम उक्त प्रतियोगिता में उपविजेता रही है। फाइनल मैच में मैन आफ द मैच का पुरस्कार विश्वविद्यालय के खिलाड़ी हर्षल शर्मा को प्रदान किया गया।
विश्वविद्यालय की टीम में प्रभाकर सिंह,अंकित नाथ,अमित राजभर,वसीम खान,राज कुमार पाल,अनिल कुमार विंद्रा,राहुल य़ादव,संजय पासवान,रोशन कुमार,दीपक सिंह,कमलेश यादव,ज़ुबेर खान,शाकिब मेवाती,स्वमेव नाथ, बृजेश कुमार, आयुष द्विवेदी, हर्षल शर्मा एवं सुभम सिंह शामिल रहे।
टीम प्रबन्धक रजनीश कुमार सिंह, टीम प्रशिक्षक इन्द्रदेव एवं डॉ0 राजेश सिंह थे । विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने बधाई दी|

# पीयू में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित हुआ राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह

**12-01-2019**




**बने चरित्रवान तब होगा देश महान-स्वामी रामदेव**

**---उमड़ी युवाशक्ति -देश भक्ति के नारों से गूंजा परिसर**

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस में बड़ी तादात में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने शिरकत की। योग गुरु स्वामी रामदेव के साथ विद्यार्थी योग कर आनंदित हो उठे। देश भक्ति के नारों से पूरा विश्वविद्यालय परिसर गूंज रहा था। शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर के आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि युवा सच्चे मार्ग पर चले और इतना ही नहीं सच्चे मार्ग पर चलने वालों को ताकत दे। उन्होंने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि शरीर से बलवान, मस्तिष्क से प्रज्ञावान, हृदय से श्रद्धावान, ऐश्वर्य से धनवान और आचरण से चरित्रवान, तब होगा मेरा भारत महान। देश में ज्ञान, विज्ञान, अनुसन्धान की कमी नहीं है लेकिन विश्वगुरु बनने के लिए हमें अखंड, प्रचंड पुरुषार्थ की जरूरत है। यह युवा ही दे सकते है। इसके लिए हमें विवेकानंद के ध्येय वाक्य उठो, जागों और तब तक चलते रहो

जब तक मंजिल न मिल जाये के अनुसरण की जरूरत है । यह कार्य योग से मजबूत किये शरीर बिना संभव नहीं। उन्होंने युवाओं को संकल्प दिलाया कि हम कभी जात -पात ,मजहब के आधार पर भेदभाव नहीं करेंगे।

विशिष्ट अतिथि जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि बाबा रामदेव के योग से एक असंस्कारिक व्यक्ति जिसको डाक्टरों ने जवाब दे दिया था वह ठीक हो गया क्योंकि योग ही संसार की भोगवृत्ति को मिटाता है। हमारे देश के युवाओं में आत्मबल और चरित्रबल है जिसमें हमारी पहचान है। जबकि पाश्चात्य संस्कृति की पहचान सुन्दर पैकिंग में है। उन्होंने कहा कि युवा नौकरी के पीछे भागना छोड़ कर मालिक बने। स्वरोजगार को अपनाएं।

कुलपति प्रो डॉ राजाराम यादव ने स्वामी रामदेव का स्वागत अपने गीत जयति जयति से किया। उन्होंने कहा कि भारत आध्यात्मिक राष्ट्र है लेकिन पश्चिम के देश आर्थिक प्रगति कर रहे है। इसके लिए हमने स्वामी विवेकानंद के विचारों से सीख लेने की जरुरत है। उन्होंने देश भक्ति के गीत सुनाये। उन्होंने कहा कि हमारे यहां के विद्यार्थियों में वसुधैव कुटुंबकम की भावना होनी चाहिए तभी हम विश्व का नेतृत्व कर सकेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक एवं राष्ट्रीय सेवा योजन के समन्वयक राकेश यादव ने स्वागत भाषण के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना की उपलब्धियों को गिनाया। रोवर्स रेंजर के समन्वयक डॉ जगदेव ने भी सम्बोधित किया। समारोह का सञ्चालन जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने किया।

समारोह में स्वामी रामदेव ने मंच से विद्यार्थियों को योग कराया। योग के साथ साथ वे जोश भी भरते रहे। ताड़ासन, शीर्षासन, सर्वांगासन, हलासन, पश्चिमी ताड़ासन, सूर्य नमस्कार, कपाल भाति एवं अनुलोम विलोम कराया। हाथों के बल पर चल कर दिखाया तो तालियों से समारोह गूंज उठा।

समारोह में आजमगढ़ मऊ गाजीपुर जौनपुर जनपद के महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाए भारी संख्या में शामिल हुए। इसके साथ ही रोवर्स रेंजर्स के कैडेटों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वामी रामदेव का स्वागत किया।

इस अवसर पर कुलसचिव सुजीत कुमार जयसवाल, वित्त अधिकारी श्री एम०के० सिंह, डॉ अंशुमाली जी, मुख्य केंद्र प्रभारी राकेश जी , प्रो बी बी तिवारी, प्रो रंजना प्रकाश, प्रो हरि प्रकाश,डॉ राजीव प्रकाश सिंह,डॉ समर बहादुर सिंह, डॉ विजय कुमार सिंह,प्रो०अशोक कुमार श्रीवास्तव, डॉ राजकुमार,डॉ उदय भान,डॉ वीरेंद्र विक्रम यादव,डॉ मनराज यादव, आचार्य संजीव जी, अचल हरिमूर्ति, दुर्गेश ,रामाशीष,सुनीता, संदेश योगी, के०एस०तोमर, संजय श्रीवास्तव समेत तमाम महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्रबंधक, विद्यार्थी मौजूद रहे।

**राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ सम्मान**

**- उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं विभिन्न महाविद्यालयों को सम्मानित किया गया**

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरि जी महाराज एवं कुलपति प्रो डॉ राजाराम यादव ने स्वामी विवेकानंद पुरस्कार 2017 -18 उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं विभिन्न महाविद्यालयों को दिया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों में आज़मगढ़ जनपद के गया प्रसाद राजकीय स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबारी की सत्या पांडे, नैना देवी महाविद्यालय के उत्तम पटेल, ओम प्रकाश मिश्रा स्मारक पीजी कॉलेज के नीरज यादव को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

जौनपुर जनपद के आर एस के डी पी जी कॉलेज के सत्यम सुंदरम मौर्य, शिया कॉलेज की शरीयत फातिमा एवं सहकारी पीजी कॉलेज के विवेक कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

गाजीपुर जनपद के सुखदेव किसान महाविद्यालय के विनय गोस्वामी एवं राजकीय महिला पीजी कॉलेज की प्रीतम खरवार सम्मानित हुई।

मऊ जनपद के राम बचन सिंह राजकीय महिलाविद्यालय की जया सिंह एवं लालसर कृषक महाविद्यालय की संदीप कुमार चौहान को प्रशस्ति पत्र मिला।

इसी क्रम में कार्यक्रम अधिकारियों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।आजमगढ़ जनपद के राजकीय महिला महाविद्यालय ज्योति कुमारी शिवा डिग्री कॉलेज के डॉ अवधेश गिरी एवं गया प्रसाद स्मारक राजकीय महिला पीजी कॉलेज की डॉ दीपा वर्मा को प्रशस्ति पत्र मिला।

जौनपुर जनपद से डॉ अख्तर हसन रिजवी शिया डिग्री कॉलेज के डॉ अवधेश कुमार, तिलकधारी महिला महाविद्यालय की डॉ मधुलिका सिंह एवं फार्मेसी संस्थान के डॉक्टर विनय कुमार सम्मानित हुए।

गाजीपुर जनपद से स्वामी विवेकानंद पीजी कॉलेज के डॉ विनय कुमार ओझा एवं हिंदू पीजी कॉलेज के डॉ अखिलेश शर्मा को सम्मानित किया गया।

मऊ जनपद के पब्लिक शहर पीजी कॉलेज की डॉ दीपशिखा शुक्ला एवं राजीव गांधी महिला महाविद्यालय की डॉ जोहरा जमाल को सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही आजमगढ़ के अग्रसेन महिला पीजी कॉलेज, गंगा गौरी पीजी कॉलेज, आदर्श देवकली बाबा स्मारक महाविद्यालय को बेहतर कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।जौनपुर जनपद के फरीद उल हक मेमोरियल डिग्री कॉलेज तिलकधारी महिला महाविद्यालय एवं मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज ,गाजीपुर जनपद के आत्मप्रकाश आदर्श महाविद्यालय एवं राजकीय महिला पीजी कॉलेज को पुरस्कृत किया गया।मऊ जनपद के राजीव गांधी महिला महाविद्यालय एवं शहीद और अक्षयबर मल्ल महिला विद्यालय को पुरस्कृत किया गया।इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योदान के लिए डॉ गीता सिंह, डॉ राकेश यादव और डॉ अनुराग मिश्रा,डॉ झाँसी मिश्रा सामजिक क्षेत्र में योगदान क लिए शीलनिधि सिंह, राजन गुप्ता, अशोक कुमार यादव, युवा कवि विशाल चौबे, रोवर्स रेंजर के पार्थ, साथ ही प्रेरणा निःशुल्क कोचिंग के छात्र छात्राओं एवं खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अशोक कुमार सिंह को सम्मानित किया गया।

## समारोह में बने तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड

जौनपुर।वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महर्षि पतंजलि स्वदेशी प्रांगण में शनिवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड बने । यह घोषणा गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड के एमडी आलोक सिंह ने की । उनके अनुसार विश्वविद्यालय के इस प्रांगण में एक लाख से अधिक लोगों ने शनिवार को एक साथ ताड़ासन, अर्ध चक्रासन और पादहस्तासन कर यह नया रिकार्ड बनाया है । समारोह के अंत में उन्होंने मंच से इस आशय की घोषणा की।

**कुलपति ने पढ़ा राज्यपाल का सन्देश**

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति राम नाईक ने सन्देश को कुलपति प्रो डॉ राजाराम ने पढ़ा। 30 दिसंबर को प्रेषित सन्देश में राज्यपाल ने कहा कि पूर्व नियोजित कार्यक्रम के कारण युवा दिवस में आना संभव नहीं है। विश्वविद्यालय को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

**www.vbspu.ac.in**

## अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय हैंडबॉल महिला प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

**15-02-2019 to 20-02-2019**



विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय हैंडबॉल महिला प्रतियोगिता की शुरुआत शुक्रवार को हुई। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रांतों से **15** विश्वविद्यालयों की टीमें भाग लेने आई है। प्रतियोगिता **20** फरवरी तक चलेगी। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय हैंडबॉल महिला प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व कुलपति प्रोफेसर सुंदरलाल ने किया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुंदरलाल ने कहा कि जीवन एवं खेल में जीतने का बस एक ही मंत्र है कैसी भी विषम परिस्थिति हो बस खेलना है। खेल में कोई जीतता है तो कोई हारता है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उसने कितनी मेहनत की। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में पदकों की संख्या बढ़े इसके लिए सरकार को गंभीर चिंतन करना होगा।

अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत से खेल जगत में विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिद्वंदी एक दूसरे से बिना किसी राग द्वेष के खेलते हैं खिलाड़ियों के आपसी तालमेल से ही जीत का रास्ता तय होता है।अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में झंडारोहण किया गया एवं भाग लेने आई टीमों ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। टीम कोच एवं प्रबंधकों का अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो अजय द्विवेदी ने पुष्प देकर स्वागत किया।

स्वागत आयोजन सचिव डॉ प्रशांत कुमार राय एवं खेलकूद परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र विक्रम यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।कार्यक्रम का संचालन अशोक सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में पुलवामा से आतंकी हमले में शहीदों के लिए २ मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वित्त अधिकारी एम के सिंह ,प्रो ए के श्रीवास्तव, डॉ देवेंद्र सिंह, डॉ रामाश्रय शर्मा, डॉ विजय सिंह, डॉ मनोज मिश्र, डॉ प्रमोद यादव, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ राजकुमार सोनी, डॉ आलोक सिंह, डॉ विजय प्रताप तिवारी, डॉ अनुराग मिश्र, रजनीश सिंह, समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

देश के **15** विश्वविद्यालयों की टीमें भाग लेने पहुंची

अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय हैंडबॉल महिलाप्रतियोगिता में कालीकट विश्वविद्यालय, केरल, मैसूर विश्वविद्यालय, कर्नाटक,अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई,एसबी पी विश्वविद्यालय पुणे, एल एन पीई विश्वविद्यालय ग्वालियर, राजस्थान विश्वविद्यालय, आर.टी.एम.यूनिवर्सिटी, नागपुर, जी एन विश्वविद्यालय , हिसार, आई आर एस विश्वविद्यालय जींद,कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र,यच पी विश्वविद्यालय शिमला,एच.सी.वाई.दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग, एल.एन.एम.यूनिवर्सिटी, दरभंगा, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ वाराणसी और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की भाग लेने आई है।

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

**वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)**

**www.vbspu.ac.in**

**वार्षिक खेल प्रतियोगिता समापन सत्र**

**9-03-2019**

# विजयी खिलाडी हुए पुरस्कृत

विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में चल रही पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हुआ समापन सत्र में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया ।अंतिम दिन दौड़ की प्रतियोगिताएं हुई। सोमवार को दौड़ की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों की **100** मीटर पुरुष दौड़ में इंजीनियरिंग के संतोष राजभर, महिला वर्ग में बीफार्मा की आकांक्षा दुबे, **100** मीटर शिक्षकों की रेस में डॉ प्रदीप कुमार,कर्मचारियों के लिए आयोजित **100** मीटर की रेस में नीलेश ने पहला स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की **200** मीटर पुरुष दौड़ में इंजीनियरिंग के शिवेंद्र यादव,महिला दौड़ में माइक्रोबायोलॉजी की क्रांति यादव ने बाजी मारी।**400** मीटर पुरुष रिले रेस में सैय्यद इकबाल,महिला वर्ग में फार्मेसी की आकांक्षा अव्वल रही। **50** मीटर शिक्षक मटका रेस में फार्मेसी के डॉ धर्मेंद सिंह जीतें। रस्साकसी प्रतियोगिता में इंजीनियरिंग के शिक्षकों ने बाजी मारे। चौथे दिन को शाम को हुई भाला फेंक महिला प्रतियोगिता में कंप्यूटर साइंस की सुप्रिया सिंह प्रथम एवं **400** मीटर इकबाल हुसैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षक वर्ग में हुई प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक पुरस्कार डॉ मनोज पांडेय को मिला।










बतौर मुख्य अतिथि वित्त अधिकारी एम के सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है नियमित खेलकर और भी बेहतर कर सकते हैं। खिलाडियों को विश्वविद्यालय की तरफ उच्च स्तरीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती रहेगी। विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक राजीव कुमार ने खिलाड़ियों कहा कि आज पूरी लगन और मेहनत के साथ खेला है। अध्यक्षीय संबोधन में प्रोफेसर बीबी तिवारी ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से व्यक्तित्व का विकास होता है।प्रतियोगिता के संयोजक रजनीश भास्कर ने स्वागत किया। सहसंयोजक डॉ प्रवीण सिंह ने प्रतियोगिता की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय प्रतियोगिता में परिसर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के **450** अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया है। धन्यवाद् डॉ संतोष कुमार एवं सञ्चालन अशोक सिंह ने किया।

# ऊर्जावान है पूर्वांचल का खिलाड़ी - गोकर्ण

**16-03-2019**

## *खिलाडी सम्मान समारोह का हुआ आयोजन*

विश्वविद्यालय के महंत अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन में शनिवार को पूर्वी क्षेत्र की विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले खिलाडियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।





इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव आवास एवं विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति नितिन रमेश गोकर्ण कहा कि पूर्वांचल का विद्यार्थी हमेशा ऊर्जावान रहा है बस जरूरत अवसर उपलब्ध होने की है। विश्वविद्यालय के खिलाडियों के प्रदर्शन के कारण खेलकूद में यह विश्वविद्यालय प्रदेश में सबसे आगे है। उन्होंने इस सत्र में विश्वविद्यालय के खिलाडियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अभी तक 66 मेडल अर्जित किये जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य पाने के बाद रुके नहीं बल्कि लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रयास करते रहे।

अध्यक्षीय संबोधन में डॉ वीरेंद्र विक्रम यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाडियों की मेहनत के कारण हर साल मेडलों की संख्या में इजाफा हो रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलसचिव डॉ बी एल आर्य ने कहा कि हमारे यहां के युवाओं में अनंत ऊर्जा है इसे बनाए रखने की जरूरत है। खेलकूद परिषद के सचिव डॉ शेखर सिंह ने खेल की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत डॉ के एस तोमर ने किया । मुख्य अतिथि नितिन रमेश गोकर्ण एवं कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल ने खो खो महिला टीम, कबड्डी महिला टीम, हॉकी महिला टीम और कबड्डी पुरुष टीम के खिलाड़ियों और कोच को सम्मान स्वरूप ब्लेजर, चेक के जरिये धनराशि और अन्य ड्रेस वितरित किया। इस अवसर पर कुल अस्सी खिलाडियों को सम्मानित किया गया।

समारोह का संचालन अशोक सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डॉ विजय प्रताप तिवारी ने किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर परीक्षा नियंता राजीव कुमार, डॉ मनराज यादव, डॉ देवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ जेबी सिंह, डॉ रामाश्रय शर्मा, डॉ मनोज मिश्र, राकेश यादव, डॉ आलोक सिंह, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ सुनील कुमार, डॉ संजय नारायण, डॉ मुन्ना सिंह, डॉ प्रशांत कुमार राय, डॉ त्रिपुरारी उपाध्याय, रजनीश सिंह,राजेश सिंह आदि मौजूद थे।

# राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए पूर्वांचल विश्वविद्यालय के खिलाड़ी

**30-08-2019**





वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैज़ाबाद एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में 29 अगस्त को राजभवन लखनऊ के गांधी सभागार में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खिलाडी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 104 खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया। इसके साथ ही 31 टीम प्रशिक्षक और टीम प्रबंधक भी सम्मानित हुए। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को आज छठवीं बार राजभवन में सम्मानित किया गया है।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में प्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि अगर हम शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तभी भारत विश्व गुरु बनेगा। विश्वविद्यालयों को खेल को पाठ्यक्रमों में शामिल करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दिन हांकी के महान जादूगर ध्यान चंद्र जी का जन्मदिवस है उनके लिए सम्मान प्रकट करने का दिन है। उन्होंने उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालय गांवों को गोद ले और उनमें टीबी, कुपोषण को दूर करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करें। उन्होंने कहा कि बहुत सारे बच्चे पहली से 12वीं कक्षा के बीच पढ़ाई छोड़ देते हैं उन्हें पठन-पाठन से जोड़े रखने लिए माहौल बनाना होगा। ऐसा माहोल तैयार करें कि बच्चियां आगे पढ़ें।उन्होंने जल संचयन पर भी सुझाव दिए कहा कि पानी को बचाना होगा जितना पानी पीना है उतना ही गिलास में लें छोटे-छोटे प्रयासों से करोड़ों लीटर पानी बचाया जा सकता है। पॉलिथीन की समस्या को गंभीर बताते हुए उन्होंने कहा इसके लिए पूरे देश के लोगों को संकल्प लेने की जरूरत है अगर ऐसी छोटी-छोटी चीजों के प्रति शिक्षण संस्थान जागरूकता पैदा करते हैं तब देश के विकास की गति तेजी से बढ़ सकती है

कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ने कहा कि खिलाड़ी युवाओं का प्रेरणा स्तम्भ होता है। उन्होंने कहा कि जिन्दगी बदलने के लिए सहर्ष संघर्ष करना पड़ता है। वक्त आपका है चाहो तो सोना बना लो और चाहो तो सोने में गुजार दो। अगर कुछ अलग करना है तो भीड़ से हटकर चलो। उन्होंने विश्वविद्यालय कि उपलब्धियों को भी गिनाया। कहा कि पिछले वर्ष विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने 41 पदक हासिल किए थे इस बार यह संख्या 104 हो गई है।महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के कुलपति प्रो टी एन सिंह ने खिलाडी सम्मान समारोह की प्रस्तावना प्रस्तुत की. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैज़ाबाद के कुलपति प्रो मनोज दीक्षित ने आभार व्यक्त किया. खेल सचिव डॉ अलोक कुमार सिंह ने खेल गतिविधियों कि वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की.विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल के साथ खिलाड़ियों, शिक्षकों एवं अधिकारियों की ग्रुप फोटोग्राफी हुई। समारोह का संचालन जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव कुलाधिपति हेमंत राव, कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल, डॉ वीरेंद्र विक्रम यादव, वित्त अधिकारी एम के सिंह, प्रो बी बी तिवारी, डॉ राजीव प्रकाश सिंह, डॉ समर बहादुर सिंह, डॉ विजय कुमार सिंह,डॉ विजय तिवारी, डॉक्टर मनराज यादव, डॉ जगदेव, कुमार, सहित तमाम लोग शामिल रहे।



खिलाड़ी सम्मान समारोह 2019

# ग्रेप लिंग पुरुष, महिला प्रतियोगिता में पीयू को द्वितीय स्थान

**07-04-2022**

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक हरियाणा में हुई प्रतियोगिता

कुलपति ने खेलकूद परिषद को दी बधाई



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के खिलाड़यों ने एक और उपलब्धि हासिल कर विश्वविद्यालय को नाम रोशन किया है। बुधवार को खेलकूद परिषद ने कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य से मिलकर विजेता शील्ड भेंट किया। पीयू की पुरुष एवं महिला टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय को शील्ड दिलाया।

अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय ग्रेप लिंग पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक हरियाणा में **31** मार्च **2022** से **4** अप्रैल **2022** तक संपन्न कराई गई। इसमें विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि पीयू के विद्यार्थी खेलकूद में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जो हमारे विश्वविद्यालय के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विजयी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन में कोई कमी नहीं करेगा। कुलसचिव और खेलकूद परिषद के सचिव ने कहा कि हमारे खिलाड़ी और खेलकूद परिषद के सभी लोग कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इसके चलते लगातार हमारा प्रदर्शन अच्छा हो रहा है। इसी के साथ विश्वविद्यालय के अधिकारियों शिक्षकों और कर्मचारियों ने जीत पर खुशी का इजहार करते हुए खेलकूद परिषद को बधाई दी। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय प्रो. मानस पांडेय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो. देवराज सिंह, डा. विजय तिवारी, अशोक सिंह, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डा. सुनील कुमार, डा. राजेश सिंह, रजनीश सिंह, अरूण आदर्श, डॉ पीके कौशिक, अशोक सिंह, डॉ सुशील प्रजापति, डॉक्टर आरके जैन समेत कई शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

**वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)**

**www.vbspu.ac.in**

# अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय क्रिकेट महिला प्रतियोगिता

**28-06-2022**

## पूविवि ने मुंबई यूनिवर्सिटी को 69 रन से किया पराजित

**जागरण संवाददाता, जौनपुर :** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम पर अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मंगलवार को हुआ। उद्घाटन मैच में मेजबान वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने मुंबई यूनिवर्सिटी पर 69 रन की शानदार जीत दर्ज की।

मुंबई यूनिवर्सिटी की टीम ने टास जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाये। बल्लेबाज शोभा कुमारी ने सर्वाधिक 65 व नीतू गौड़ ने 25 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई यूनिवर्सिटी की टीम ने 14.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 62 रन ही बना सकी, जिसमें मानसी पाटिल का सर्वाधिक 23 रनों का योगदान रहा। प्रतियोगिता का दूसरा मैच इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा और महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी कोट्टयम, केरल के बीच खेला गया। टास जीतकर कोट्टयम की टीम ने पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाया, जिसमें जीश्ना जोरेश का सर्वाधिक 21 व सुरभ्या का 20 रनों का योगदान रहा। महर्षि दयानंद विवि की टीम चार गेंद शेष रहते ही सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की खिलाड़ी शीतल ने सर्वाधिक 28 रनों का योगदान दिया। निर्णायक की भूमिका नारायन जी गुप्ता, हनुमान भारती, राजेश पटेल, प्रदीप पटेल, नंद कुमार यादव, विपिन सर्राफ ने निभाई। प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने किया। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, सहायक कुलसचिव बबिता सिंह, पर्यवेक्षक डा. नूर मोहम्मद अवकाश प्राप्त निदेशक जामिया मिलिया इस्लामिया विवि नई दिल्ली मंचासीन रहे।



महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का बैटिंग कर शुभारंभ करती कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्या • जागरण



पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती पूर्वांचल विवि व मुंबई यूनिवर्सिटी की टीम • स्रोतः विश्वविद्यालय

**मैदान से**

- **अखिल भारतीय अंतर विवि क्रिकेट महिला प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ**
- **दूसरे मैच में महर्षि दयानंद विवि ने महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी को हराया**

**

### पूर्वांचल विश्वविद्यालय बना चैंपियन

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय बना चैंपियन

**जासं, मल्हनी (जौनपुर):** अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में मेजबान वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने खिताब पर कब्जा कर लिया। शुक्रवार को उसने फाइनल मैच में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक हरियाणा को पराजित किया। कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्या ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।

विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम पर फाइनल मैच में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 109 रन बनाया। खिलाड़ी शिप्रा गिरी ने 28 गेंद पर 22 रन तथा शोभा देवी ने 22 गेंद पर 19 रनों का योगदान रहा। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा की तरफ से गेंदबाजी करते हुए वर्षा ने चार ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक हरियाणा की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 86 रन ही बना सकी। पूविवि की तरफ से शिप्रा गिरी चार ओवर में 19 रन देकर छह विकेट प्राप्त किया। इंदिरा गांधी स्टेडियम में तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर ने सावित्री बाई फूले विश्वविद्यालय पूणे को पराजित किया। निर्णायक की भूमिका में आरपी गुप्ता, नारायन गुप्ता, हनुमान भारती, राजेश पटेल, प्रदीप पटेल, नंद कुमार यादव, विपिन सर्राफ आदि रहे।

समापन अवसर पर विशिष्ट अतिथि कुलसचिव महेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव खेलकूद परिषद डाक्टर विजय सिंह, डाक्टर चंद्रभान सिंह, डाक्टर रामाश्रय शर्मा, खेल सहायक रजनीश कुमार सिंह, डाक्टर राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।



अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट में विजेता ट्राफी के साथ मेजबान पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम •स्रोत - विश्वविद्यालय




खिलाड़ी सम्मान समारोह 2022